CS (MAIN) Exam:2016

**वियोज्य** ***DETACHABLE***

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र II)

# PSYCHOLOGY (Paper II)

0000490

| | |
|---|---|
| *समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खंडों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) मनोवैज्ञानिक परीक्षण किन रूपों में वैयक्तिक भिन्नताओं के मूल्याङ्कन में उपयोगी हैं ? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए ।

In what ways psychological tests are useful in assessing individual differences ? Answer with examples. 10

1.(b) सेवा-पेशेवरों के मनोवैज्ञानिक कल्याण को किस प्रकार प्रोत्साहित किया जा सकता है ? विवेचना कीजिए ?

How can psychological well-being of service professionals be promoted ? Discuss. 10

1.(c) क्या भारतीय संगठनों में कार्य प्रयोजन के विवेक के संदर्भ में हर्ज़बर्ग का सिद्धान्त सुसंगत है ? व्याख्या करें ।

Is Herzberg's theory relevant for understanding work motivation in Indian organizations ? Explain. 10

1.(d) प्रभावशील अध्यापन-अधिगम प्रक्रम में निहित कतिपय महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

Examine some important psychological principles underlying effective teaching-learning process. 10

1.(e) सामाजिक विकास के लिए सामुदायिक अन्तर्क्षेपों में छोटे समूहों की उपादेयता की विवेचना कीजिए ।

Discuss the usefulness of small groups in community interventions for social development. 10

2.(a) आपराधिक व्यवहार में स्थितिक घटकों की भूमिका का विवरण कीजिए ।

Examine the role of situational factors in criminal behaviour. 15

2.(b) मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की प्रभावकारिता को निर्धारित करने वाले घटकों का विश्लेषण कीजिए । मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के प्रयोग की सीमाओं की विवेचना कीजिए ।

Analyze the factors determining the efficacy of psychological tests. Discuss the limitations in the use of psychological tests. 15

2.(c) सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए किस प्रकार समूह निर्णय की प्रक्रिया का प्रभावकारी प्रयोग किया जा सकता है ? वर्णन कीजिए ।

Discuss how the process of group decision making can be used effectively in bringing about social change. 20

3.(a) मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक समस्याओं से ग्रस्त व्यक्तियों के पुनर्वासन में सामाजिक अभिकरणों (एजेन्सियों) की भूमिका का मूल्याङ्कन कीजिए ।

Evaluate the role of social agencies in rehabilitation of mentally and socially challenged persons. 15

3.(b) आधुनिक संगठनों में मानव संसाधन विकास के लिए सामर्थ्य चित्रण किस प्रकार किया जाता है ? उदाहरणसहित स्पष्ट कीजिए।

How is competency mapping made use of for human resource development in modern organizations ? Illustrate. 15

3.(c) मनोविश्लेषणात्मक उपचारों की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए एवं मानसिक रोगों के निवारण में उनकी भूमिका का मूल्याङ्कन कीजिए।

Discuss the salient features of psychodynamic therapies and evaluate their role in the prevention of mental illnesses. 20

4.(a) औद्योगिक संगठनों की भांति क्या नौकरशाही संगठनों में सहभागी प्रबन्धन उतना ही प्रभावशील है जितना कि होना चाहिए ? इसका आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate whether the principles of participatory management are equally effective in bureaucratic organizations as in industrial organizations. 15

4.(b) जीवन-शैली की परिवर्तनशीलता किस प्रकार से किसी व्यष्टि की जीवनगुणता को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावित करती है।

How do lifestyle variables influence quality of life of an individual in different life domains ? 15

4.(c) भारत में धार्मिक समूहों के सामाजिक एकीकरण के अभाव को कौन से मनोवैज्ञानिक घटक व्याख्येय करेंगे ? विवेचना प्रस्तुत कीजिए।

What psychological factors will explain lack of social integration involving religious groups in India ? Discuss. 20

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) मानसिक रोगों के निवारण में व्यवहार-चिकित्सा की प्रभावकारिता की विवेचना कीजिए।

Discuss the efficacy of behaviour therapies in the prevention of mental illnesses. 10

5.(b) मानसिक विकारों की व्याख्या किन जैविक कारकों द्वारा की जाती है ? विवेचना करें।

What biological factors explain mental disorders ? Discuss. 10

5.(c) विद्यालयों में मूल्यों की शिक्षा के महत्व को स्पष्ट करें और बच्चों के व्यक्तित्व विकास में इसकी प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिए।

Illustrate the significance of value education in schools and comment on its relevance for personality development of children. 10

5.(d) तृतीयक स्तर की पुनर्वासिन योजनाओं के आयोजन में मनोवैज्ञानिकों की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of psychologists in organizing tertiary level rehabilitation programmes. 10

5.(e) भारतीय संस्कृति में छोटे परिवार मानक को प्रोत्साहित करने में मीडिया की क्या भूमिका हो सकती है ?

What role can media play in the promotion of small family norm in the Indian culture ? 10

**6.**(a) क्या आदिवासियों के आर्थिक विकास में सम्बन्धन की आवश्यकता आड़े आती है ? विवेचना कीजिए ।

Does need for affiliation come in the way of economic development of the tribal people ? Discuss. 15

**6.**(b) अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों में सामाजिक मीडिया के मनोवैज्ञानिक परिणामों का मूल्याङ्कन कीजिए ।

Evaluate the psychological consequences of social media in interpersonal relationships. 15

**6.**(c) सरकार की ''कुशल-भारत'' (स्किल-इंडिया) योजना को विकसित करने में और उसके कार्यान्वयन में मनोवैज्ञानिकों की क्या भूमिका हो सकती है ?

What role can psychologists play in the development and implementation of the 'Skill India' scheme of the Government of India ? 20

**7.**(a) किस प्रकार मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का प्रयोग लोगों को उनकी आवेगशील ख़रीददारी के लिए उन्हें प्रभावित किया जा सकता है ?

How can psychological theories be put to use to inoculate people against their impulsive buying behaviour ? 15

**7.**(b) खिलाड़ियों के प्रदर्शन के निष्पादन में सुधार के लिए संज्ञानात्मक एवं व्यवहारात्मक चिकित्सा की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

Discuss the role of cognitive and behaviour therapies in improving the performance of sports persons. 15

**7.**(c) मानसिक स्वास्थ्य पर जन-संकुलन के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । उन मनोवैज्ञानिक उपायों की विवेचना कीजिए जिनका प्रयोग जन-संकुलन से जनित प्रतिबल को कम करने में किया जा सकता है ।

Analyze the impact of crowding on mental health. Discuss the psychological measures that can be adopted to reduce the stress resulting from crowding. 20

**8.**(a) भारत में लैंगिक भिन्नताओं को कौन से घटक स्पष्ट करते हैं ? लैंगिक-भिन्नताओं को कम करने के लिए कुछ मनोवैज्ञानिक युक्तियाँ सुझाइए ।

What factors account for gender differences in India ? Suggest some psychological measures to reduce gender differences. 15

**8.**(b) सीमाक्षेत्रों में नियुक्त रक्षाकार्मिकों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले यंत्रों के निर्माण में मानव-अभियांत्रिकी का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है ? विवेचना करें ।

How can human engineering be put to use in devising instruments that are used by the defence personnel posted in the border areas ? Discuss. 15

**8.**(c) पूर्वाग्रह-निर्माण के प्रक्रम की विवेचना कीजिए । उन मनोवैज्ञानिक कार्यनीतियों को स्पष्ट करें जिनका प्रयोग द्वन्द्वों के अंगीकरण में किया जा सकता है ।

Discuss the process of prejudice formation. State the psychological strategies that can be adopted for conflict resolution. 20

---